150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

राजभाषा दर्पण



CPWD

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग
आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय





भारत सरकार


य लोक निर्माण विभाग

राजभाषा दर्पण

महानिदेशालय
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011

इस पुस्तक को कार्यालय सहायिका के रूप में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित उपयोगी सहायक सामग्री के प्रयोग हेतु प्रकाशित किया गया है। प्रामाणिक जानकारी हेतु राजभाषा विभाग अथवा विभागीय पुस्तकों को संदर्भित करें।

(मुख पृष्ठ सज्जा : श्रीमती आशु चौधरी, वास्तुक)



PRABHAKAR SINGH
Director General

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India

CPWD
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

Central Public Works Department
Nirman Bhawan, New Delhi-110011
Tel : 23062556/1317, Fax : 23061884
E-mail : cpwd_dgw@nic.in

संदेश

महानिदेशालय, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष 'राजभाषा दर्पण' का प्रकाशन करने पर मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इस प्रकाशन की पृष्ठभूमि में दिनांक 25 मार्च, 2019 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में महानिदेशक, केलोनिवि की अध्यक्षता में 'राजभाषा संगोष्ठी' का सफल एवं सार्थक आयोजन किया गया ।

'राजभाषादर्पण' में, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग का संक्षिप्त इतिहास, विभाग में प्रयुक्त होने वाले प्रपत्र शब्दावली एवं नोटिंग एवं राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी का समावेश किया गया है। अतः यह पुस्तक विभाग में राजभाषा के प्रसार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी ।

आशा है कि इस पुस्तक के प्रकाशन से महानिदेशालय एवं इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में अपेक्षित सहयोग एवं सहायता मिलेगी और साथ ही उन्हें अपने संवैधानिक दायित्वों का सम्यक निर्वहन में यह काफी उपयोगी सिद्ध होगी ।

इस प्रकाशन हेतु मैं डॉ कृष्ण मुरारी सोनी, अपर महानिदेशक (तकनीकी विकास) एवं उनके सहयोगियों को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होनें अल्प समय में इस पुस्तक को मूर्त रुप दिया।

प्रभाकर सिंह

(प्रभाकर सिंह)



डॉ॰ कृष्ण मुरारी सोनी
अपर महानिदेशक
(तकनीकी)

भारत सरकार
Goverment of India

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011
Central Public Works Department
Nirman Bhawan, New Delhi-110011
Tel: 23061833/2099, Fax: 23061608
E-mail: adgtd@nic.in

प्राक्कथन

महानिदेशालय खास तौर पर और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तकनीकी विभाग होने के बावजूद, आमतौर पर और राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित अपने संवैधानिक दायित्यों का निर्वहन करने में अग्रणी रहा है । इस विभाग में लगभग सभी तकनीकी पुस्तकें हिन्दी में भी प्रकाशित हुई है और साथ ही इन कार्यालयों में प्रयोग हेतु तकनीकी फार्म, नियम पुस्तकें आदि द्विभाषी रूप में उपलब्ध है ।

उल्लेखनीय हैं कि महानिदेशालय में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन का प्रभार दिए जाने के पश्चात, न केवल संवैधानिक दायित्वों का बोध बल्कि इस भाषा के प्रति अंतर्मन से लगाव होने के कारण भी मेरा यह व्यक्तिगत प्रयास रहा है कि महानिदेशालय एवं इसके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हो और इसी का सार्थक परिणाम इस पुस्तक के प्रकाशन के रूप में दृष्टिगत हों रहा है । इसमें शामिल राजभाषा हिन्दी से संबंधित विभिन्न आदेशों, बैठकों, प्रोत्साहन योजनाएं, प्रशिक्षण, निरीक्षण, प्रयोग किए जाने वाले प्रपत्र, व्यय रिपोर्ट का प्रपत्र आदि का उपयोग देश भर में स्थित केलोनिवि के कार्यालयों में किया जा सकता है और उसके माध्यम से हिन्दी के प्रयोग के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी किये जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है ।

अंत में, मैं विशेष रूप से यह उल्लेख करना चाहूँगा कि मेरे मार्गदर्शन में प्रतिभाशील एवं समर्पित सहकर्मियों नामतः श्री संजय सिंह, सहायक निदेशक (रा.भा.), श्री अजय कुमार झा, एवं सीमा नायर, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती शेफाली दुष्यंत, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सुश्री स्वाति तिवारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती प्रियंका सरकार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने इसके संकलन, समावेशन, मिलान कार्य आदि तथा श्री जगदीश कुमार यादव, वरिष्ठ सचिवालय सहायक, कमलेश कुमारी, कनिष्ठ सचिवालय सहायक, श्री पवन कुमार, कनिष्ठ सचिवालय सहायक, ने टंकण कार्य पूरे मनोयोग, तत्परता एवं परिश्रम से इस कार्य को निर्धारित समय में पूरा करते हुए इस प्रकाशन को संभव बनाया । निःसंदेह, ये टीम बधाई की पात्र है ।

(डॉ. कृष्णमुरारी सोनी)

विषय-सूची	पृ. संख्या
केंद्रीय लोक निर्माण की उत्पत्ति	1
राजभाषा संबंधी आदेश	2
राजभाषा बैठकें, रिपोर्ट और प्रोत्साहन योजनाएं	6
राजभाषा प्रशिक्षण व्यवस्था	13
राजभाषा निरीक्षण	17
राजभाषा से संबंधित कुछ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य	18
तकनीकी आदेश	20
विभिन्न प्रकार की अग्रिम राशि, छुट्टी, वेतन वृद्धि, विवाह घोषणा आदेश, नियुक्ति, अतिरिक्त प्रभार, कार्यमुक्ति, प्रशिक्षण, परिवीक्षा अवधि, यात्रा भत्ता संबंधी आदेश	42
सूचना अधिकार संबंधी पत्र	74
मासिक व्यय रिपोर्ट पत्र	75
शब्दावली	76
वाक्यांश	174
टिप्पणियां	184

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की उत्पत्ति

लोक निर्माण विभाग की औपचारिक स्थापना वर्ष 1854 में तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी के कार्यकाल के छठे वर्ष में हुई थी। 12 जुलाई, 1854 को आयोजित एक बैठक के कार्यवृत के अनुसार गवर्नर जनरल ने यह संस्तुति कि लोक निर्माण विभाग में भारत सरकार के सचिव के कार्यालय के सृजन हेतु एक केन्द्रीय एजेंसी गठित की जाए। लार्ड डलहौजी की सस्तुति निम्नलिखित थी।

" भारतीय साम्राज्य में लोक निर्माण विभाग का संगठन तब तक अधूरा रहेगा जब तक कि इस सर्वोच्च सरकार में ऐसी एजेंसी नही बन जाती जो बखूबी वैज्ञानिक क्षमता के साथ अधिकार एवं पद्धति से भारत में लोक निर्माण के कार्यो पर व्यापक नियंत्रण रखने में समर्थ हो सके।

भारत सरकार लम्बे समय तक साधनों पर निर्भर नही रह सकती है, अपितु इसमें ऐसे स्थाई एवं योग्य अभिकरण की अवश्यकता है जो लोक निर्माण कार्यो की इस महत्वपूर्ण शाखा को दिशा दिखाने में सहयोग कर सके।

इसलिए, मैं यह प्रस्ताव रखता हूँ कि लोक निर्माण विभाग में एक ऐसा अभिकरण बनाया जाए जिसमें भारत सरकार के सचिव के कार्यालय का गठन हो। सचिव के पद पर ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया जाए जो सैन्य इंजीनियरों मे से एक अत्यन्त योग्यता प्राप्त अधिकारी हो। सचिव को सहायक सचिव और सैन्य इंजीनियरों का एक अधिकारी दिया जाना चाहिए। मेरे विचार से सचिव का वेतन बंगाल सरकार के सचिव के वेतन की राशि 3000/– रुपये प्रतिमाह से कम नहीं होना चाहिए और सहायक का वेतन सेना विभाग के सहायक सचिव से कम नही होना चाहिए।

तदनुसार, बंगाल इंजीनियर के कर्नल डब्ल्यू ई. बेकर लोक निर्माण विभाग के पहले सचिव के रूप में 36000/– रुपये के वार्षिक वेतन पर नियुक्त किए गए। इस प्रकार, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की उत्पत्ति हुई।

राजभाषा संबंधी संवैधानिक उपबंध तथा नीति संबंधी आदेश का संक्षिप्त रूप।

1. संविधान के लागू होने के साथ–साथ 26 जनवरी, 1950 से हिन्दी भारत संघ की राजभाषा बनी।

2. संविधान के अनुच्छेद–343 (1) के अनुसार हिन्दी संघ की राजभाषा है और इसकी लिपि देवनागरी है और संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंको का अंतर्राष्ट्रीय रूप है।

3. अनुच्छेद – 343 (2) के अनुसार पंद्रह वर्षो तक संघ सरकार के कार्यो में अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखने की व्यवस्था की गई थी।

4. अनुच्छेद –343 (2) में संसद को यह अधिकार दिया गया कि वह अधिनियम पारित करके 26 जनवरी, 1965 के बाद भी सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखने के बारे में व्यवस्था कर सके। राजभाषा अधिनियम 1963 के अनुसार संविधान के प्रारंभ से पंद्रह वर्ष की कालावधि की समाप्ति हो जाने पर भी हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा, नियत दिन से ही संघ के उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए जिनके लिए वह उस दिन से ठीक पहले प्रयोग में लाई जाती थी परंतु संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच जिसको हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जाएगी।

5. तद्नुसार, राजभाषा अधिनियम 1963 पारित किया गया जिसे 1967 में संशोधित किया गया। दिसंबर 1967 में संसद के दोनो सदनों में भाषा नीति संबंधी एक संकल्प पारित किया गया जिसे 18 जनवरी 1968 को अधिसूचित किया गया था इस संकल्प के पैरा–1 के अनुसार हिन्दी के प्रसार तथा विकास में गति लाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक गहन और विस्तृत कार्यक्रम तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने का दायित्व केन्द्रीय सरकार को सौंपा गया।

6. इसके अनुपालन में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हर वर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम तैयार करता है जिसमें केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों द्वारा वर्ष में हिन्दी में काम करने का लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं।

7. राजभाषा नीति के अनुपालन के ऊपर देख–रेख और दिशा–निदेशों के लिएउच्चस्तरीय हिन्दी सलाहकार समितियां, प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय हिन्दी समिति गठित है। कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समितियां और नगरों में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां कार्यरत है। वास्तव में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का दायित्व भारत सरकार एवं उसके उपक्रमों में कार्य कर रहे प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी पर है।

8. राजभाषा नीति के अनुपालन के विचार से राजभाषा नियम 1976 में बने जिसके अनुसार देश को 'क' 'ख' तथा 'ग' तीन क्षेत्रों में बांटा गया है।

'क' – क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा दिल्ली राज्य और अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ क्षेत्र शामिल है।

'ख'– क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब राज्य और चंडीगढ़, दमन एवं दीव और दादरा–नगर हवेली।

'ग'– क्षेत्र में शेष राज्य और संघ राज्य क्षेत्र रखे गए हैं।

9. वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी में मूल पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य इस प्रकार है :–

'क' क्षेत्र	'ख' क्षेत्र	'ग'क्षेत्र
क से क क्षेत्र को 100%	ख से क क्षेत्र को 90%	ग से क क्षेत्र को 55%
क से ख क्षेत्र को 100%	ख से ख क्षेत्र को 90%	ग से ख क्षेत्र को 55%
क से ग क्षेत्र को 65%	ख से ग क्षेत्र को 55%	ग से ग क्षेत्र को 55%
हिन्दी में टिप्पणी 75%	50%	30%

10 राजभाषा नियम – 5 के तहत हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में दिया जाना अपेक्षित है।

11. राजभाषा नियम – 7 के अन्तर्गत कोई कर्मचारी आवेदन, अपील हिन्दी में या अग्रेंजी में कर सकता है। यदि कर्मचारी आवेदन अंग्रेजी अथवा हिन्दी में करता है या उस पर हिन्दी में हस्ताक्षर करता है तो उसका उत्तर हिन्दी में दिया जाना चाहिए।

12. सेवा संबंधी विषयों (जिनके अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही भी है) से संबंधित कोई आदेश या सूचना जिसको कर्मचारी पर तामील किया जाना अपेक्षित है, हिन्दी या अंग्रेजी में होना चाहिए, तो वह उसे किसी विलंब के बिना उसी भाषा में दिया जाना चाहिए (नियम –7 (3))

13. राजभाषा अधिनियम की धारा –3(3) के पालन में निम्नलिखित दस्तावेज द्विभाषी जारी होने चाहिए :–

संकल्प, साधारण आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन या प्रेस विज्ञप्ति, संसदीय प्रश्न, टेंडर नोटिस और फार्म, संविदाएं और करार, आरटीआई लाइसेंस। इस नियम में किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को जिम्मेदार माना जाता है।

14. केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के फार्म और शीर्षक दोनों भाषाओं मे होने चाहिए।

15. सभी मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी साहित्य हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किए जाने चाहिए।

16. सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्र शीर्ष, रबड़ की मोहरें और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखी व मुद्रित की जानी चाहिए।

17. फाइल कवरों पर विषय हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखे जाने चाहिए।

18. स्टाफ कार की प्लेटों पर दोनों भाषाओं में नाम अंकित होने चाहिए।

19. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महोत्सवों/समारोह आदि में बैनर, नाम पट्ट, सूचना पट्ट, साहित्य प्रपत्र, बैज आदि में दोनों भाषाओं का प्रयोग होना चाहिए।

20. हिन्दी भाषी क्षेत्रों में प्रदर्शनियों में प्रचार सामग्री हिन्दी में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

21. यह अपेक्षित है कि विदेश यात्रा के दौरान शिष्टमंडल बातचीत में हिन्दी का प्रयोग करें, जिससे देश का गौरव बढ़ेगा।

22. कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं और कार्यालय में रखे जाने वाले रजिस्टरों में हिन्दी का प्रयोग करना चाहिए।

23. 'क' क्षेत्र में अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही हिन्दी में की जानी चाहिए। अपवाद स्वरूप यदि जांच अधिकारी को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है या यदि संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मांग करें तो यह कार्यवाही अंग्रेजी में की जा सकती है।

24. राजभाषा नियमों के अनुपालन का उत्तरदायित्व दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का है। वह यह सुनिश्चित करें कि राजभाषा अधिनियम और नियमों का समुचित रूप से अनुपालन हो रहा है। उसकी यह भी जिम्मेदारी है कि वह इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त और प्रभावकारी जांच के लिए उपाय करें।

राजभाषा बैठकें, आवधिक रिपोर्टें और प्रोत्साहन योजनाओं का संक्षिप्त रूप।

राजभाषा बैठकें :

1. सभी मंत्रालयों/विभागों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने प्रत्येक छोटे–बड़े कार्यालय में चाहे उनमें कार्यरत स्टाफ की संख्या जो भी हो, राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन करे और कार्यालय के कार्यालयाध्यक्ष को इस समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित करे।
2. हर समिति की तिमाही में कम से कम एक बैठक अवश्य की जानी चाहिए और बैठक में राजभाषा संबंधी आदेशों के कार्यान्वयन की समीक्षा, तिमाही

   प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा, कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों की समीक्षा तथा हिन्दी प्रशिक्षण में स्टाफ को भेजने संबंधी कार्य सम्मिलित करने चाहिए।
3. यह भी अपेक्षित है कि बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए। इसकी पूर्व सूचना राजभाषा विभाग को कम से कम एक सप्ताह पूर्व दी जाए ताकि राजभाषा विभाग के अधिकारी इसमें भाग ले सकें तथा नीति संबंधी मामलों का स्पष्टीकरण दे सकें।
4. बैठक की अध्यक्षता कार्यालयाध्यक्ष स्वयं करें। यदि अपरिहार्य कारणवश वे अध्यक्षता न कर सकें तो अध्यक्षता का भार किसी उच्च अधिकारी को ही सौंपा जाए।
5. बैठक के समय कार्यसूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि चर्चा के समय सभी महत्वपूर्ण मदों पर आंकड़ें उपलब्ध हों और उनके आधार पर स्थिति को देखते हुए निर्णय लिए जा सके।
6. बैठक का कार्यवृत समय पर जारी किया जाना चाहिए और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई यथाशीघ्र की जानी चाहिए।

7. कार्यालयाध्यक्ष से यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ कार्यालयों में भी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक उपर्युक्त प्रकार से आयोजित कराने की व्यवस्था करें।इस कार्यसूची में हिन्दी पदों की स्थिति, उपकरणों की स्थिति, हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति, हिन्दी टंकण/आशुलिपिक की स्थिति इत्यादि सम्मिलित किए जाने चाहिए।

आवधिक रिपोर्ट :–

1. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय को 20 तारीख तक भेजना अपेक्षित है। इसलिए अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा निर्धारित समय के अंदर रिपोर्ट भेजने की अपेक्षा की जाती है। इसके लिए फार्म निर्धारित है।
2. शील्ड आंकड़ो संबंधी रिपोर्ट भी समय पर अपेक्षित होती है ताकि समय पर शील्ड का निर्णय लिया जा सके। इसलिए कार्यालय प्रमुखों का यह दायित्व हो जाता है कि वह समय पर उक्त रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में भेज दें।

प्रोत्साहन योजनाएं :–

विभिन्न मंत्रालय/विभागों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा कर्मचारियों को सरकार की राजभाषा नीति को बढ़ावा देने के कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कार प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक प्रोत्साहन/पुरस्कार योजनाएं काफी समय से लागू हैं जिनका विवरण इस प्रकार है :–

1. वर्ष 2015–16 से "इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार" योजना "में संशोधन किया गया है अैर यह पुरस्कार योजना केवल केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए सीमित नहीं रहेगी बल्कि बैंकों, सरकारी उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक व प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत व्यक्तियों पर भी लागू होगी। इस योजना के अंतर्गत हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए पुरस्कार निम्नलिखित होंगे।

1. प्रथम पुरस्कार 60,000/– रुपये

2. द्वितीय पुस्कार 45,000/– रुपये

3. तृतीय पुरस्कार 30,000/– रुपये

4. प्रोत्साहन पुरस्कार 15,000/– रुपये

3. राजभाषा नीति को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 से नई पुरस्कार योजना शुरू की गयी जिसका नाम " राजभाषा कीर्ति पुरस्कार " है।

इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित को पुरस्कृत किया जाएगा।

(क) मंत्रालय/विभाग

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

(ग) बोर्ड/स्वायत्त निकाय/ट्रस्ट आदि

(घ) राष्ट्रीयकृत बैंक

(डा) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

(च) हिन्दी गृह पत्रिका

3. राजभाषा नीति के सर्वश्रेष्ठ, कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप राजभाषा के प्रयोग में बेहतर प्रगति दर्ज कराने वाले उपरोक्त कार्यालयों/संस्थानो को पुरस्कार स्वरूप राजभाषा शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार शील्ड के रूप में दिए जाएंगे।

इसके अंतर्गत हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर निम्नानुसार पुरस्कार दिए जायेगी।

श्रेणी	विवरण	पुरस्कार
मंत्रालय/विभाग	300 से कम स्टाफ संख्या वाले मंत्रालय 300 से अधिक स्टाफ संख्या वाले मंत्रालय	03 शील्ड 03 शील्ड
सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	क क्षेत्र में स्थित उपक्रम ख क्षेत्र में स्थित उपक्रम ग क्षेत्र में स्थित उपक्रम	03 शील्ड 03 शील्ड 03 शील्ड

बोर्ड स्वाय निकाय, ट्रस्ट आदि	क क्षेत्र में स्थित बोर्ड आदि ख क्षेत्र में स्थित बोर्ड आदि ग क्षेत्र में स्थित बोर्ड आदि	03 शील्ड 03 शील्ड 03 शील्ड
राष्ट्रीयकृत बैक	क, ख तथा ग क्षेत्र के किए प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार	06 शील्ड
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति	क, ख तथा ग क्षेत्र में स्थित एक–एक न. रा. का. स. को	03 शील्ड

आधुनिक ज्ञान/विज्ञान की विभिन्न विधाओं एवं राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मौलिक रूप से राजभाषा हिन्दी में पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 से नई पुरस्कार योजना शुरू की गयी है जिसका नाम "राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना" है। इसके तहत निम्नलिखित पुरस्कार
योजनाएँ हैं :–

1. भारत के नागरिकों को हिन्दी में ज्ञान–विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना।
2. केंद्र सरकार के कार्मिकों (सेवानिवृत्त सहित) को हिंदी में उत्कृष्ट लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार
3. केंद्र सरकार के कार्मिकों (सेवानिवृत्त सहित) को हिंदी में उत्कृष्ट लेख के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार

इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार राशि निम्न प्रकार होगी :–

प्रथम पुरस्कार (एक) – 2,00,000/–रु. (दो लाख रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह

द्वितीय पुरस्कार (एक)– 1,25,000/–रु. (एक लाख पच्चीस हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह

तृतीय पुरस्कार (एक) – 75,000/–रु. (पचहत्तर हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह

प्रोत्साहन पुरस्कार (एक)– 10,000/– (दस हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रत्येक को

केन्द्रीय सरकार के कार्मिकों (सेवानिवृत्त सहित) को हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार :

केन्द्रीय सरकार में कार्यरत या सेवानिवृत्त कार्मिकों को हिन्दी में पुस्तक लेखन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से शुरु की गयी है जिसके अन्तर्गत पुरस्कार राशि निम्न प्रकार होंगी :–

प्रथम पुरस्कार –1,00,000/–रु. (एक लाख रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह
द्वितीय पुरस्कार –75,000/–रु. (पचहत्तर हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह
तृतीय पुरस्कार –60,,000/–रु. (साठ हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह
प्रोत्साहन पुरस्कार –30,000/–रु. (तीस हजार रुपये) प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह

केन्द्रीय सरकार के कार्मिकों को (सेवा निवृत्त सहित) हिन्दी में उत्कृष्ट लेख के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार ।

वर्ष 2015–16 से नई पुरस्कार योजना जारी की गयी है जिसका नाम हिन्दी में उत्कृष्ट लेख के लिए " राजभाषा गौरव पुरस्कार " है। योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित राशियों के 6 पुरस्कार दिए जाएँगे :–

	हिन्दी भाषी	**हिन्दीतर भाषी**
प्रथम	–20,000/–रु. (बीस हजार रुपये)	25,000/–रु.(पच्चीस हजार रुपये)
वित्तीय	–18,,000/–रु.(अठारह हजार रुपये)	22,000/–रु.(बाईसहजार रुपये)
तृतीय	–15,,000/–रु.(पन्द्रह हजार रुपये)	20,000/–रु.(बीस हजार रुपये)

3. **टिप्पण/आलेखन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु नकद पुरस्कार योजनाः–**

यह योजना वर्ष 1988 से चल रही है। इस योजना के अन्तर्गत वे अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कार के पात्र होते हैं जो 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में वर्ष में कम से कम 20 हजार शब्द तथा 'ग' क्षेत्र में वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्द हिन्दी में लिखते है। इस योजना की एक विशेषता यह हैं कि इसमें मूल टिप्पण व प्रारूपण के अलावा हिन्दी में किए गए अन्य कार्य जिसका सत्यापन किया जा सके, जैसे रजिस्टर में इंदराज, सूची तैयार करना, लेखा का काम आदि भी शामिल किए जाते हैं। प्रतियोगी को प्रतिदिन अपने हिन्दी में लिखे गए शब्दों का लेखा–जोखा रखना होता है और प्रत्येक सप्ताह के लेखे जोख पर उच्चाधिकारी के सत्यापन रूप में हस्ताक्षर कराने होते हैं। वर्ष की अवधि अप्रैल से 31 मार्च है। इसमें दस पुरस्कार हैं – प्रथम (दो) 3000/– रूपए प्रत्येक, द्वितीय (तीन) 3000 रुपए प्रत्येक तथा तृतीय (पांच) 2000/– रुपए प्रत्येक। मूल्याकंन के लिए कुल 100 अंक रखे जाते हैं। इनमें से 70 अंक हिन्दी में किए गए काम की मात्रा के लिए रखे गए हैं और 30 अंक विचारों की स्पष्टता के लिए

होते हैं। जिन प्रतियोगियों की मातृभाषा तमिल, तेलगू, कन्नड, मलयालम, बांग्ला, उड़िया या असमिया है उन्हें 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाता है। हिन्दी के कामकाज का लेखा–जोखा प्रतियोगी द्वारा प्रपत्र में मासिक आधार पर रखा जाना अपेक्षित है। योजना अवधि की समाप्ति के तत्काल बाद, इसे प्रति हस्ताक्षर करनेवाले अधिकारी के माध्यम से मूल्यांकन समिति को प्रस्तुत किया जाता है। मूल्यांकन समिति का गठन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय अध्यक्ष के स्तर पर किया जाना है है।

पुरस्कार विजेता की सेवा–पुस्तिका में समुचित उल्लेख किया जाएगा। यह व्यय किस शीर्ष के अन्तर्गत डाला जाएगा, इसका निर्धारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

1. हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू है जिसके अन्तर्गत 500 रुपए के 02 पुरस्कार (हिन्दी भाषी/हिन्दीतर भाषी) निर्धारित है।
2. क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार :– गृह मंत्रालय (राजभाषा) द्वारा हिन्दी में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले केन्द्रीय सरकार के संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयो/उपक्रमों एवं बैंको आदि की अधीनस्थ इकाइयों/मंडल/अंचल/क्षेत्रीय कार्यालयों आदि को प्रतिवर्ष तिमाही प्रगति रिपोर्टो के आधार पर क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।
3. हिन्दी दिवस/पखवाड़े के आयोजन के दौरान भी प्रोत्साहन योजनाएं चलाए जाने का प्रावधान है। इस दौरान प्रत्येक कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है और प्रत्येक कार्यालय स्वतंत्र रूप से पुरस्कारों का निर्णय ले सकता है। हर वर्ष 14 सितम्बर हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
4. प्रोत्साहन योजनाओं के अतिरिक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहन भत्ते भी दिए जाते हैं। हिन्दी कक्षाएं, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि की परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर वैयक्तिक वेतन, नकद पुरस्कार एवं एकमुश्त पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। हिंदीतर भाषी को विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है। हिन्दी की प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ परीक्षा पास करने पर 12 मास के लिए एक वेतन वृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन दिया जाता है। हिन्दी की प्रबोध, प्रवीण तथा प्राज्ञ परीक्षा में 70%, 60%तथा 55%अंक प्राप्त करने पर अधिकारी/कर्मचारी प्रबोध परीक्षा में क्रमशः- 1600/–रुपए, 800/– रुपए तथा 400/– रुपए, प्रवीण परीक्षा में क्रमश 1800/– रुपए 1200/– रुपए और 600/– रुपए तथा प्राज्ञ परीक्षा में 2400/– रुपए, 1600/– रुपए तथा 800/– रुपए के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने के हकदार होते है।
5. हिन्दी आशुलिपि परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हिन्दी भाषी आशुलिपिकों को एक तथा हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषा–भाषी आशुलिपिकों को दो अग्रिम वेतन–वृद्धि के बराबर–वैयक्तिक वेतन देय होता है और हिन्दी आशुलिपि में 95%, 92%, 88%या अधिक अंक प्राप्त करने पर कर्मचारी को क्रमशः 2400/– रुपए, 1600/– रुपए तथा 800/– रुपए के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाते हैं।
6. हिन्दी टंकण की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक अग्रिम वेतन वृद्धि के बराबर वैयक्तिक वेतन देय है, और हिन्दी टंकण की परीक्षा में 97%,95%,तथा 90%अंक प्राप्त करने पर कर्मचारी क्रमशः 2400/–रुपए, 1600/– रुपए तथा 800/– रुपए के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार पाने के हकदार होते हैं।

7. अंग्रजी के अतिरिक्त हिन्दी टंकण एवं आशुलिपि कार्य करने पर क्रमशः 80/– रुपए तथा 120/– रुपए प्रतिमाह विशेष भत्ता दिया जाता है। इसे वेतन नहीं माना जाता और इस राशि पर मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता और अन्य कोई भत्ता देय नहीं होता।

राजभाषा प्रशिक्षण एवं निरीक्षण व्यवस्था का संक्षिप्त रूप

राजभाषा प्रशिक्षण :

1. राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए हिन्दी न जानने वाले सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान जरूरी है।
2. उद्देश्य की पूर्ति के लिए राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। इसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के हिन्दी न जानने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी का सेवाकालीन प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अतिरिक्त हिन्दी आशुलिपि तथा हिन्दी टाइपिंग के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है।
3. हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत हिन्दी, हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित है।
4. राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'क' क्षेत्र वाले कार्यालयों में हिन्दी टंकण, हिन्दी आशुलिपिक और देवनागरी टाइपराइटर का लक्ष्य 100 प्रतिशत निर्धारित है।
5. हिन्दी प्रशिक्षण का लक्ष्य भी 100 प्रतिशत है।
6. सभी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक उपकरणों को द्विभाषी रूप में ही खरीदने का प्रावधान है।
7. द्विभाषी वैबसाइट तैयार करने का लक्ष्य भी 100 प्रतिशत है।
8. हिन्दी के प्रशिक्षण के लिए (लीला–हिन्दी–प्रबोध) साफ्टवेयर है। इसके**अितर** अब कई हिन्दी सॉफ्टवेयर एवं फोंट उपलब्ध हैं।
9. हिन्दी का प्रशिक्षण उन्हें दिया जाना अपेक्षित है जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अथवा प्रवीणता प्राप्त नहीं है।
   (1) नियम–10 के अन्तर्गत हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान सम्पन्न समझा जाएगा, यदि किसी कर्मचारी ने :–
   (क) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है, या
   (ख) हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत प्राज्ञ परीक्षा या यदि उस सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदो ंके संबंध में उस योजना के अन्तर्गत कोई निम्नतर परीक्षा विनिर्दिष्ट है, वह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या
   (ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या
   (घ) यदि वह इन नियमों से उपबद्ध प्ररूप में यह घोषणा

करता है कि उसने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

(2) नियम–9 के अन्तर्गत हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त उसे समझा जाएगा जिसने :–

(क) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य कोई परीक्षा हिन्दी माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है, या

(ख) स्नातक परीक्षा में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया हो,

(ग) वह राजभाषा नियम में दर्शित फार्म में यह घोषणा करता है कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है।

यदि केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों में से अस्सी प्रतिशत ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है तो उस कार्यालय के कर्मचारियों के बारे में सामान्यतया यह समझा जाएगा कि उन्होंने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया हैं।

केन्द्रीय सरकार के जिन कार्यालयों में कर्मचारियों ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान कर लिया है उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे।

प्रारूप

मैं इसके द्वारा यह घोषणा करता हूं कि निम्नलिखित के आधार पर मुझे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है/मैंने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान/प्रवीणता प्राप्त कर लिया/ली है :–

तारीख हस्ताक्षर

10. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अथवा प्रवीणता प्राप्त नही है, उनके लिए गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ कक्षाओं की व्यवस्था है। इसके लिए सत्र जनवरी से आरंभ होता है।

प्रबोध प्रशिक्षण प्रारंभिक स्तर का है। वे सभी कर्मचारी जिनका हिन्दी ज्ञान प्राइमरी स्तर का नही है, प्रबोध प्रशिक्षण के पात्र है। प्रवीण पाठ्यक्रम माध्यमिक स्तर का है और उनके लिए है जिन्हें मिडिल स्तर का हिन्दी ज्ञान नहीं है। प्राज्ञ अंतिम पाठ्यक्रम है। इसमें मैट्रिक स्तर का ज्ञान दिया जाता है।

तीनों पाठयक्रम 5–5 महीनों के है। प्रबोध तथा प्रवीण की कक्षाएं एकांतर दिवस पर 2–2 घंटे की तथा प्राज्ञ की कक्षाएं एकांतर दिवस पर 1–1 घंटे की होती हैं।

11. हिन्दी टंकण (कंप्यूटर/मैनुअल) एवं हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण की भी गृह मंत्रालय द्वारा व्यवस्था है। देश में इसके लिए अनेक केन्द्र खोले गए हैं।

हिन्दी टंकण प्रशिक्षण सभी अवर श्रेणी लिपिकों के लिए अनिवार्य है। इसकी अवधि 6 मास है तथा कक्षा कार्य दिवस पर एक घंटे की होती है।

हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण सभी आशुलिपिकों के लिए अनिवार्य है। इसकी अवधि एक वर्ष है और कक्षा प्रत्येक कार्य दिवस पर एक घंटे की होती है।

अवर सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली, कार्यालय ज्ञापन सं. 1403/32/2004रा.मा (प्रशि.) दिनांक 13.05.04 द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयेजित की जाने वाली हिन्दी प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ की परीक्षाओं की भांति ही हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि की परीक्षाओं के प्रवेश–पत्रों पर भी परीक्षार्थियों के फोटो लगाने की आवश्यकता नहीं है। यह आदेश फरवरी, 2005 से होने वाली हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि की परीक्षाओं पर लागू समझा जाएगा। इसी कार्यालय के कार्यालय ज्ञापन सं.14034/33/2004रा. मा (प्रशि.) दिनांक 13/5/2004 द्वारा हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन आयोजित की जाने वाली हिन्दी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि की परीक्षाओं में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र खो जाने अथवा नष्ट हो जाने पर डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी किए जाने वाले शुल्क को 2/– रू. से बढ़ाकर 25/– रू. करने का निर्णय लिया गया है। यह राशि पोस्टल आर्डर या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा दी जाएगी। यह वृद्धि उक्त ज्ञापन के जारी होने की तिथि से प्रभावी हैं ।

प्रभावी है।

12. हिन्दी टंकण और हिन्दी आशुलिपि के पूर्णकालिक गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को भी राजभाषा विभाग द्वारा चलाया जाता है। इसमें प्रतिदिन 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। हिन्दी टंकण प्रशिक्षण की अवधि 40 दिन की होती है। हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण की अवधि 80 दिन की है।

13. सरकारी कामकाज में इस्तेमाल की जाने वाली हिन्दी सरल और सुबोध होनी चाहिए, जटिल और बोझिल नहीं। इस संबंध में नीचे लिखे मुद्दों को ध्यान में रखना उपयोगी होगा :–

(1) पत्र लिखने में सरल हिन्दी का ही प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि वह सभी पढ़ने वालों को समझ आ जाए। आखिर लिखने वाला अपने समझने के लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए लिखता है।

(2) सरकारी काम में आमतौर पर प्रयोग में आने वाले शब्दों का ज्यादा उपयोग किया जाना चाहिए और लिखते वक्त दूसरी भाषाओं के प्रचलित शब्दों का उपयोग करने में जरा भी हिचक नहीं होनी चाहिए।

(3) जहां कहीं भी यह लगे कि पढ़ने वाले को हिन्दी में लिखे किसी

(4) आधुनिक यंत्रों, तरह–तरह के पुरजों और नए जमाने की चीजों के जो अंग्रेजी या दूसरी भाषाओं के नाम प्रचलित हैं उनका कृत्रिम अनुवाद करने की जगह उन्हें फिलहाल मूल रूप में ही देवनागरी लिपि में लिखना सभी के हित में होगा।

(5) हिन्दी लिखते समय मूल रूप से हिन्दी लिखने की कोशिश करें कि संस्कृत न और देवनागरी लिपि में अंग्रेजी।

14. प्रशासनिक तथा विधिक शब्दावली में एकरूपता लाने के लिए प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों के हिन्दी पर्याय शिक्षा विभाग के अधीन गठित वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए शब्दकोषों से लेना अपेक्षित है।

15. उपर्युक्त प्रशिक्षणों के अतिरिक्त हिन्दी के प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों और झिझक को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा हिन्दी कार्यशालाएं चलाई जा रही हैं। राजभाषा विभाग द्वारा कार्यालयों को निदेश जारी किए गए हैं कि उन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालयीन हिन्दी का प्रशिक्षण दिया जाए जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान या प्रवीणता प्राप्त है और जिन्हें कार्यशाला में अभी तक प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। इस कार्यक्रम में माह में 5 दिन की कक्षा होती है।

<u>राजभाषायी निरीक्षण</u> :–

राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग की स्थिति का आकलन करने हेतु गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी किए जाने वाले वार्षिक कायक्रम संबंधी निरीक्षण करने का प्रावधान है। वर्ष में कम से कम एक बार राजभाषायी निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निर्माण महानिदेशालय का अनुदेश है।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के वार्षिक निरीक्षण फार्म–29 में भी यह व्यवस्था की गई है कि कार्यपालक अभियंता अपने वार्षिक निरीक्षण के दौरान राजभाषा के प्रयोग की स्थिति का आकलन करें।

गृह मंत्रालय की दिनांक 27.04.1960 की अधिसूचना सं. 2/8/60–रा.भा. के अनुसार लोकसभा के 20 सदस्यों और राज्य सभा के 10 सदस्यों की एक संसदीय राजभाषा समिति गठित की गई है। यह समिति संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करती है और उन पर सिफारिशें प्रस्तुत करती हैं। यह समिति समय–समय पर राजभाषा नियमों/अधिनियमों के अनुपालन की जांच हेतु भिन्न–भिन्न कार्यालयों निरीक्षण भी करती हैं।

राजभाषा से संबंधित विभिन्न समितियाँ, गठन एवं कार्य

संसदीय राजभाषा समिति : राजभाषा से संबंधित उच्च अधिकार वाली इस समिति में 30 संसद सदस्य शामिल होते है। इसमें 20 राज्य सभा और 10 लोक सभा के सदस्य होते है। इस समिति की तीन उप समितियां होती है जो केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों/विभागों के अधीन विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति जानने के लिए समय-समय पर निरीक्षण करती है और उन कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग में पायी गई कमियों को समाप्त करने के लिए कार्यालय अध्यक्ष को आवश्यक निदेश देती है।

हिंदी सलाहकार समिति : प्रत्येक मंत्रालय के माननीय मंत्री की अध्यक्षता में 15 गैर सरकारी सदस्यों और सरकारी सदस्यों वाली यह उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक का आयोजन उस मंत्रालय के विभिन्न कार्यालयों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति जानने एवं उनमें हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के लिए आवश्यक सुझाव देने हेतु की जाती है। नियमानुसार एक वर्ष में इसकी दो बैठकें की जानी अपेक्षित होती है।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति : ऐसे नगरों में जहां केंद्र सरकार के 10 या इससे अधिक कार्यालय है, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां गठित की जाती है। संबंधित नगरों में केंद्रीय सरकार के जो वरिष्ठतम अधिकारी होते है वही सामान्यतः इस समिति के अध्यक्ष होते है।

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति : इस समिति के अध्यक्ष संबंधित विभाग के प्रधान होते है। इसकी बैठक प्रत्येक तिमाही में आयोजित किया जाना अपेक्षित होता है। इस बैठक में विभाग में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति का जायजा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर लिया जाता है और राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उचित निदेश दिए जाते है।

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के लिए किए जा रहे उपाय : प्रत्येक मंत्रालय/विभाग द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ राजभाषा संगोष्ठी, कार्यशालाओं, हिंदी मास/पखवाड़े आदि का आयोजन किया जाता हैं। इसमें मंत्रालय/विभाग के अधिकारी/कर्मचारी काफी संख्या में भाग लेते है। कार्याशाला में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाइयों से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाती है और उन कठिनाइयों को दूर करने के तरीके के बारे में बताया जाता हैं। हिंदी मास/पखवाड़ें में विभिन्न प्रकार की राजभाषा हिंदी से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है और उसमें भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न पुरस्कार दिए जाते हैं। कई कार्यालयों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं जिससे उन कार्यालयों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु अनुकूल वातावरण बनता है।

राजभाषा से संबंधित सांविधानिक उपबंध : संघ की राजभाषा के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 में विभिन्न निर्देशों एवं प्रावधानों आदि का उल्लेख किया गया है।

हिंदी शिक्षण योजना : केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों में कार्यरत हिंदी न जानने वाले कार्मिकों को हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तथा पारंगत और उसके साथ ही हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपिक कक्षाओं के लिए प्रशिक्षण हेतु नामित किए जाने की व्यवस्था है। यह प्रशिक्षण सत्र दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई एवं गुवाहाटी स्थित क्षेत्रों कार्यालयों द्वारा चलाया जाता है। यह प्रशिक्षण अनिवार्य है।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
(कार्यालय का नाम)

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से .....
.....
.....निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार .....
.....के अनुमोदित विक्रेताओं से जिनका आयकर पंजीकरण मौजूद है और जिन्हें कार्य का अनुभव हो, मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित करते है :–

कार्य का नाम	अनुमानित लागत रूपयों में	बयाना रूपयों में	अनुसूचित समय

- निविदा – फार्म जारी करने हेतु आवेदन की प्राप्ति की अंतिम दिनांक :
- निविदा – फार्म जारी करने की अंतिम दिनांक :
- निविदा – संबंधी दस्तावेज की प्राप्ति की अंतिम दिनांक :
- निविदा खोलने का समय और दिनांक :

ठेकेदार के लिए पात्रता मानदंड :

निम्नलिखित अपेक्षाएं पूरी करने वाले ठेकेदार आवेदन देने के पात्र होंगे ।

..... महीने की अंतिम दिनांक को समाप्त होने वाले 07 वर्ष के दौरान निम्नलिखित तरीके के समान प्रकृति के कार्य संतोषजनक ढंग से पूर्ण किए जाने चाहिए । निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक से 01 दिन पूर्व की दिनांक को समाप्त कार्य भी विचारणीय होगा ।

1. निविदा के लिए अनुमानित लागत के 40% या उससे ज्यादा लागत वाले 03 समान कार्य।
2. अनुमानित लागत के 60% या उससे ज्यादा लागत वाले 02 समान कार्य ।
3. अनुमानित लागत के 80% या उससे ज्यादा लागतवाला 01 समान कार्य। ये कार्य निविदाएँ प्रस्तुत करने की तारीख से एक दिन पहले से पिछले 7 वर्षो में किए गए हों।

अन्य सभी शर्तों के लिए निविदा–आमंत्रण सूचना देखें ।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
(कार्यालय का नाम)

कार्यालय ज्ञापन

विषय :– प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय मंजूरी

महानिदेशालय के संशोधित कार्यालय ज्ञापन डीजी/एमएएन/295 दिनांक 06.12.2013, 298 दिनांक 24.01.2014 तथा 302 दिनांक 12.03.2014 के अनुसरण में कॉलम संख्या 4 के सामने दर्शायी गई राशि के लिए निम्नलिखित लघु निर्माण कार्यों के लिए प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय मंजूरी दी जाती है ।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लेखा शीर्ष	प्रशासनिक अनुमोदन/ व्यय मंजूरी	संबंधित परिमंडल
1	2	3	4	5

निर्माण – कार्य .....द्वारा किया जाना चाहिए ।

व्यय कॉलम संख्या 3 के समाने दर्शायी गई लेखा शीर्ष को प्रभारित होगा और वर्ष .....तथा आगामी वर्ष (वर्षों) के लिए मंजूर किए गए बजट से किया जाएगा ।

(संबंधित अधिकारी)

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्या : दिनांक .....

सेवा में,

श्री

कार्यपालक अभियंता

"....." मंडल

के.लो.नि.वि., ...

विषयः .....

.. संदर्भः .....

.....

अधीक्षण अभियंता, के.लो.नि.वि., द्वारा उपरोक्त कार्य से संबंधित .....रू. (..... रूपये) की अनुमोदित विचलन सूची आपको आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ भेजी जा रही है ।

संलग्न : विचलन सूची

कार्यपालक अभियंता(यो)

के.लो.नि.वि

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्या : दिनांक .....

सेवा में,

श्री

कार्यपालक अभियंता

"....." मंडल

के.लो.नि.वि., ...

विषयः .....

करार संख्या :

ठेकेदार का नामः

संदर्भः .....

कृपया उपर्युक्त निर्मण कार्य के लिए समय सीमा में वृद्धि करने से संबंधित आप अपने उपर्युक्त पत्र का अवलोकन करें । अधीक्षण अभियंता ..... के.लो.नि.वि., द्वारा कार्य के वास्तव में समाप्त तिथि को ..... तक बिना मुआवजा लगाए बढाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।

कार्यपालक अभियंता (यो)

के.लो.नि.वि

.....

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

पत्र संख्याः दिनांक : .....

सेवा में,
श्री
कार्यपालक अभियंता
'.....' मंडल
..... केलोनिवि

विषय : .....
संदर्भ : .....

अधीक्षण अभियंता की अनुमति ..... मैसर्स की निविदा रूपये ..... जिसकी निविदित राशि .....) एवं निविदा में दी गई अनुमानित, है (रूप्ये मात्र ....लागत रूप्ये .....) रूपये .....से % .....) प्रतिशत पर मंजूरी के लिए एतद् द्वारा सम्प्रेषित की जाती है। अधिक है/ कम

कार्यपालक अभियां कृपया सुनिश्चित करें कि करार असल में अनुमोदित निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार ही बनाया जाए ।

कार्यपालक अभियंता यह भी सुनिश्चित कर लें कि वे करार की मात्राओं पर पूरा नियंत्रण रखेंगे और किसी विचलन के पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई करेंगे ताकि न्यूनतम निविदाकार की स्थिति में कोई बदलाव न आने पाए ।

कार्यपालक अभियंता यह भी सुनिश्चित कर लें कि अनुमत्य सीमा से पेर होने पर विचलन सक्षम प्राधिकारी की लिखित पूर्व अनुमति से ही कराया जाएगा ।

अवार्ड पत्र केवल औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही जारी किया जाए तथा उसकी सूचना इस कार्यालय को भी दी जाए ।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
———

माप पत्र–पुस्तिका में बिल के अंत में दिया जाने वाला प्रमाणः

प्रमाणित किया जाता है कि :–

1. कार्य विनिर्देशों के अनुसार किया गया है ।
2. एक प्रतिशत जल प्रभार की कटौती एवं अन्य कटौतियां कर ली गई हैं।
3. ठेकेदार के विरुद्ध कोई श्रमिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।
4. ठेकेदार द्वारा कार्य पर डिप्लोमा डिग्री धारक अभियंता को नियुक्त किया गया तथा वे कार्य स्थल पर हाजिर रहते हैं।
5. कार्य पर गुणवत्ता नियंत्रण तकनीकी आश्वासन गुणवत्ता नियंत्रण के पैरा बकाया नहीं है ।
6. कार्य चल रहा है वास्तविकता में कार्य ..... को समाप्त ..... दिनांक तक हो गया है तथा समापन प्रमाण पत्र माप पुस्तिका संख्या के ..... पृष्ठ पर दर्ज है ।
7. कार्य उपबंधित नहीं किया गया है ।
8. ठेकेदार ने पाक्षिक श्रमिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है / नहीं की है ।

यदि हम भारतीय ह्दय से राजभाषा हिन्दी नहीं अपनाएंगे तो सोचिए और कौन एवं क्यों ?

कृष्ण मुरारी सोनी

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
———

ठेकेदार के कार्य के बल की जांच सूची

1. कार्य का नाम :
2. लेखा शीर्ष (जिस पर प्रभारित हो) :
3. ठेकेदार एजेंसी का नाम :
4. करार संख्या :
5. वर्तमान बिल की क्रम संख्या :
6. कार्य की अनुमानित लागत :
7. करार की राशि :
8. ठेके की अनुमानित लागत से दर :
9. (क) कार्य प्रारंभ करने की तिथि :
   (ख) कार्य समापन की वास्तविक तिथि :
   (ग) कार्य समापन की वास्तविक तिथि :

पृष्ठ .....संख्या. पु.मा. .....

10. (क) क्या इस कार्य में समय बढ़त का मामला है ? : हां / नहीं

(ख) तो क्या समय बढ़ाने का आवेदन किया है , यदि हां ? हां / नहीं

(ग) इसके लिए कितनी राशि रोकने का प्रस्ताव है ?

11. यदि ऐसा है तो क्या उसे सामग्री रजिस्टर के खाते में :

उचित रुप से ले लिया है तथा इस बारे में सहायक अभियंता द्वारा माप पुस्तिका तथा बिल में दर्ज कर दिया गया है ।

12. किए गए कार्य की कुल राशि

13. क्या कार्य में कोई विचलन विवरण है तो

(क) विचलन की स्थिति :.....% कार्य सीमा के भीतर अधिक कोई नहीं ।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

पत्र संख्या दिनांकः

सेवा में,

प्रिय महोदय,

करार संख्या .....के अनुसार उपर्युक्त कार्य को पूरा करने की निर्धारित तिथि .... थी ।
पूर्वोक्त करार के खंड– 2 के अन्तर्गत आप प्रतिकर के दोषी हो गए हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप इस पत्र के जारी होने की तिथि से एक पखवाड़े के भीतर यह बताएं कि आप पर संविदा के निष्पादन में देरी तथा प्रगति न बनाए रखने के लिए संविदा की सामान्य शर्तों के ऊपर संदर्भित खंड के अन्तर्गत प्रतिकर क्यों न लगाया जाए । यदि उक्त अवधि के भीतर आपसे कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ तो यह समझ लिया जाएगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

भवदीय

अधीक्षण अभियंता
केलोनिवि.

प्रतिलिपिः. कार्यपालक अभियंता ,..... मंडल, केलोनिवि .....को सूचनार्थ

कार्यपालक अभियंता (यो.)

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

पत्र संख्याः दिनांक : .....

सेवा में,
श्री
कार्यपालक अभियंता
'.....' मंडल
..... केलोनिवि

विषय : .....
संदर्भ : .....

अधीक्षण अभियंता की अनुमति से मैसर्स ..... की कोटेशन राशि रू.....(..... रूपये पत्र मात्र) की न्यूनतम कोटेशन जो कि निविदा आमंत्रण कोटेशन में दी गई अनुमानित लागत रूपये मात्र) की न्यूनतम कोटेशन जो कि निविदा आमंत्रण कोटेशन में दी गई अनुमानित लागत रूपये ....(..... रूपये मात्र) से ..... % (.....प्रतिशत) कम रु. अधिक, पर स्वीकृत की जाती है ।

कार्यपालक अभियां कृपया सुनिश्चित करें कि करार असल में अनुमोदित निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार ही बनाया जाए ।

कार्यपालक अभियंता यह भी सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त कार्य के लिए फंड उपलब्ध है ।

पर्यवेक्षण स्टाफ गुणवत्ता और कार्य के समय पर समापन की कार्यवाई सुनिश्चित करेंगे ।

कोटेशन कागजात ..... की संख्या में कोटेशन, तुलानात्मक विवरणी तथा जस्टीफीकेशन मूल रूप में इस पत्र के साथ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे जा रहे हैं ।

कोटेशन कागजात ..... की संख्या में कोटेषन, तुलानात्मक विवरणी तथा जस्टीफीकेशन मूल रूप में इस पत्र के साथ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे जा रहे है ।

संलग्न : उपरोक्त

कार्यपालक अभियंता (यो.)
केलोनिवि,
.....

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
——

करार के खण्ड–3 के अधीन कारण बताओ नोटिस

सेवा में,
विषयः–

करार संख्या :. .....
प्रिय महोदय,

अद्योहस्ताक्षरी को ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर संदर्भित करार के अधीन आपको सौंपा गया कार्य आपकी ओर से अनुचित देरी या कार्य निलम्बन अथवा धीमी प्रगति के कारणों से समाप्त होने की तारीख के भीतर समाप्त नहीं हो सकेगा / समाप्त करने के लिए बढ़ाई गई तारीख के भीतर पूरा नहीं किया गया है ।

अतः भारत के राष्ट्पति के लिए और उनकी ओर से पूर्वोत्तर करार द्वारा मुझको प्रदत्त षक्तियों का उपयोग करते हुये मैं आपको यह नोटिस देता हूँ कि आप 10 दिन के भीतर मुझे संतोषप्रद कारण बताएँ कि आपको द्वारा करार के उल्लंघन किये जाने के कारण पूर्वोत्तर करार के उपखण्ड–3 (क) और / या 3 (ख) के अधीन आपके विरुद्ध कार्यवाई क्यों न की जाये । कृपया यह ध्यान रखें कि यदि आप उपरोक्त वर्णित अवधि के भीतर कोई कारण नहीं बताते अथवा बताया गया कारण मेरी संतुष्टि नहीं करता तो मैं बिना और कोई नोटिस दिए आपके विरुद्ध वैसी कार्यवाई करूगॉ जैसा कि पूर्वोत्तर करार के खण्ड–3 और उसके उपखण्डों और / या उसके अन्य खण्डों में वर्णित हैं ।

भवदीय,
(भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से)
कार्यपालक अभियंता ..... केलोनिवि,

मूल प्रति में नहीं :.

1. सहायक अभियंता ..... मंडल, केलोनिवि, ... को उचित कार्रवाई हेतु । आप 10 दिन के बाद की स्थिति से अवगत करायें ।

कार्यपालक अभियंता

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्या

दिनांकः.

सेवा में ,

.....

.....

विषयः .....
.....

प्रिय महोदय,

1 उपरोक्त कार्य के लिए आपकी निविा को भारत के राष्ट्रपति की ओर से आपकी निविदित /द्वारा तय की गई बातचीत निविदा राशि ..... रूपये (..... रूपये मात्र) जो कि अनुमानित लागत .....रूपये (.....रूपये मात्र) से ..... प्रतिशत (.....प्रतिशत) अधिक / कम है को स्वीकार कर लिया गया है ।

2 आपसे अनुरोध है कि .....रूपये (.....रूपये मात्र) की निष्पादन गारंटी इस पत्र के जारी होने की तिथि से 10 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। निष्पादन गारंटी केलोनिवि कार्यों के ठेके की सामन्य षत्र के खंड–1 में दिए गए किसी भी निर्धारित प्रपत्र में होगी और दिनांक ....तक मान्य होगी !

3. निर्धारित प्रपत्र के प्राप्त होने पर आवश्यक पत्र कार्य आरंभ करने के लिए जारी किया जाएगा तथा कार्यस्थल आपको उसके बाद सौंपा जाएगा ।

4. कृपया नोट करें कि कार्य करने के लिए समय वही रहेगा जो कि निविदा में दिया गया है । .. ..माह इस पत्र के जारी होने की तिथि से .....दिन के बाद गिने जाएंगे ।

भवदीय

(भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से)
कार्यपालक अभियंता.
.....केलोनिवि.

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
———

संख्या ..... दिनांक .....

सेवा में,

मै / श्री .....

.....

.....

विषयः .....

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त कार्य को पूरा करने की तारीख जैसा कि करार संख्या ..... में अनुबद्ध है ..... थी ।

पूर्वाक्त करार के खण्ड 2 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित क्षतिपूर्ति को वसूल करने के सरकार के अधिकारों पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले भारसाधक अभियंता ने उपर्युक्त कार्य को पूरा करने का समय दिनांक ..... तक बढ़ा दिया था ।

करार के खण्ड 2 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं..... अधीक्षण अभियंता , निर्णय करता हूं और निर्धारित करता हूं कि आपको करार के खण्ड 2 में निर्धारित प्रतिकर के रुप में ....रूपये (रूपये ..... केवल अदा करने है) प्रतिकर की उक्त राशि आप करार में कार्य के लिए दर्शाई गई, निविदित राशि की .....दर पर में द्वारा निर्धारित की गई है तथा आपको एतद् द्वारा निर्देश दिया जाता है कि इस पत्र के जारी होने के .....दिन के अंदर यह राशि सरकार को अदा करें ऐसा न करने पर उक्त राशि सरकार के पास पड़े आपके प्रतिभूति निवेशों में से सरकार द्वारा वसूल कर ली जायेगी ।

भवदीय
अधीक्षण अभियंता

भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

छोटी शास्ति के लिए आरोप पत्र का प्रारूप कार्यालय

ज्ञापन

श्री

.....पदनाम.....जो

..... मे कार्य करते हैं, को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके विरूध्द केन्द्रीय सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील नियमावली, 1965 के नियम 16 के अधीन कार्यवाही करने का प्रस्ताव है। कदाचार या अभद्र व्यवहार के जिन आरोपों के आधार पर उपर्युक्त कार्यवाही करने का प्रस्ताव है, उनकी एक विवरणी सलग्न है ।

श्री ..... को एतद्द्वारा अवसर दिया जाता हे कि यदि वे प्रस्तावित कार्यवाही के विरूध्द कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नही करते है तो समझ लिया जाएगा कि उन्हें कोई अभ्यावेदन नहीं देना है और श्री .....के विरूध्द एक पक्षीय आदेश जारी किए जा सकेंगें ।

श्री .....इस ज्ञापन की पावती भेंजें ।

राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से

हस्ताक्षर सक्षम प्राधिकारी का नाम और

पदनाम

हिन्दी राजभाषा, मेरी भाषा, आपकी भाषा – अपनी भाषा और अपना तो अपना ही होता है ।

कृष्ण मुरारी सोनी

जॉच अधिकारी /जॉच मंडल की नियुक्ति से संबधित प्रारूप

आदेश

केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 के नियम 14 के अन्तर्गत श्री ..... के विरूध्द जांच की जा रही है ।

और अधोहस्ताक्षरी की राय है कि उनके विरूध्द लगाए गए आरापों को जांच के लिए जांच मंडल जांच अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए ।

अत: अब अधोहस्ताक्षरी उक्त नियम के उपनियम 2 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हूए एक जांच मंडल की नियुक्त करते हैं जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगें :-

.....

श्री .....को या जांच अधिकारी का नाम और पदनाम उक्त श्री .....के विरूध्द लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं ।

हस्ताक्षर

सक्षम प्राधिकारी द्वारा

राजभाषा अपनाउंगा , इसी में बातचीत करूगा एवं लिखूंगा भी । क्या आप भी यही सोच रहे है? तो सोचिए मत, इसे कियान्वित करिए

कृष्ण मुरारी सोनी

पत्थर पट्टिका पर उत्कीर्ण करने वाली सामग्री का नमुना

भवन का नाम .....

का

शिलान्यास उद्घाटन

श्री .....

माननीय .....

द्वारा

श्री .....

माननीय .....

द्वारा

श्री .....

माननीय .....

की उपस्थिति में

दिनांक .....

को सम्पन्न हुआ ।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

समापन प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता हे कि कार्य दिनांक .....को पूरा हो चुका है तथा कोई खराबी दिखाई नहीं दे रही है और ठेकेदार ने कार्य निष्पादन वाले स्थन से जापे उसके पास कार्य के प्रयोजन से कब्जे में था, सभी पाड,, अतिरिक्त सामग्री और मलबा हटा लिया है । सभी दरवाजों, खिडकियों ,दीवारों, फर्शो और भ्वन बनाने के बाद जो लकडी का बुरादा और कूडा कूरकट उस स्थान पर इकट्ठा था, वह साफ कर दिया है ।

यद्यपि यह प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा की जाने वाली पैमाइश व गुणवत्ता की जांच की शर्त पर दिया जा रहा है ।

कनिष्ठ अभियन्ता सहायक अभियन्ता कार्यपालक अभियन्ता

जब हम आत्मीय लोगों से राजभाषा में बातचीत करते हैं तो अन्य लोगों से हिन्दी में बातचीत करके क्यों न उन्हें आत्मीय बनाएं ।
कृष्ण मुरारी सोनी

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्या.....दिनांक.....

सेवा में ,

श्री .....

कार्यपालक अभियंता

मडंल

केलोनिवि

विषय:- .....

संदर्भ :-.....

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा मांगी सूचना आपके कार्यालय से प्राप्त नही हुई है । आपसे पुन : अनुरोध है कि संदर्भित पत्र पर तुरंत कार्रवाई करें जिससे संबधित मामले को निपटाया जा सकें ।

कार्यपालक अभियंता (यों)

राजभाषा आपकी पहचान है तो क्यों न हिन्दी अपनाकर अपनी पहचान बनाएं ।

कृष्ण मुरारी सोनी

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
(कार्यालय का नाम)

निविदा/कोटेशन की औचित्य विवरणी

संदर्भः— दिनांकः—

1. कार्य का नाम
2. निविदा की कुल अनुमानित लागत (अ)
3. केवल विश्लेषण किए गए मदों के लिए औचित्य राशि(ब)
4. वही मद के लिए संयुक्त अनुमानित लागत (स)
5. औचित्य के लिए विचारणीय अनुमानित लागत का प्रतिशत .....
6. अनुमानित लागत के ऊपर औचित्य प्रतिशत .....
7. एजेंसी जिसने न्यूनतम दर बतायाः मेसर्स

   .....ने..... % /अनुमानित लागत नीचे का दर बताया
8. कुल औचित्य राशि

सहायक अभियंता(योजना)/कार्यपालक अभियंता

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

समय बढ़ाने का प्रपत्र

सेवा में,

नाम .....
ठेकेदार का पता .....

विषय : करार संख्या .....

महोदय,

उपर्युक्त कार्य पूरा करने के लिए समय बढ़ाने के संबंध में आपका दिनांक .....का पत्र सं. ... .देखें ।

करार के अनुसार उपयुक्त कार्य को पूरा करने की तिथि .....है।

उपर्युक्त निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए समय दिनांक ..... तक बढ़ाया जाता है लेकिन इससे उक्त करार के खण्ड 2 के प्रावधानों के अनुसार अनिर्णित प्रतिकर को वसूल करने के सरकार के अधिकार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

परन्तु समय बढ़ाए जाने के बावजूद उक्त करार का सबसे महत्वपूर्ण तत्व समय ही है और रहेगा ।

भवदीय

भारत के राष्ट्रपति के लिए और
उनकी ओर से कार्यपालक अभियंता
.....

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्याः दिनांक :

सेवा में,

.....

.....

.....

विषयः दिनांक : ..... की नीलामी के संबंध में ।

महोदय,

दिनांक .....को आपके द्वारा दी गई अधिकतम बोली मंजूर कर ली गई है। आपसे अनुरोध है कि शेष राशि रूपए (रू. .....शब्दों में)जो कि किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रुप में कार्यपालक अभियंता .....मंडल, केलोनिवि, ...के पक्ष में, सात दिन के अन्दर जमा करा दें ।

जमा की गई राशि की प्राप्ति रसीद के साथ सहायक अभियंता .....को मिले तथा नीलाम किया सामान उठाकर स्थल को साफ कर दें।

कार्यपालक अभियंता
.....
मंडल, केलोनिवि
.....

प्रतिलिपिः

1. सहायक अभियंता, ...उपमंडल, केलोनिवि,..... को उचित कार्रवाई हेतु ।
2. रोकड़ियां

कार्यपालक अभियंता

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्याः दिनांकः

सेवा में,

मुख्य अभियंता
केलोनिवि
.....

विषयः .....

उपरोक्त कार्य प्राक्कलन जिसकी अनुमति धन राशि ..... है, आपके कार्यालय को प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय मंजूरी के लिए निम्नलिखित विवरणों सहित भेजा जा रहा है ।

1. यह कार्य कार्यपालक अभियंता,.....मंडल, केलोनिवि द्वारा करवाया जाएगा ।
2. कार्य की आवश्यकता का विवरण प्राक्कलन के वृत्त में उल्लिखित है ।
3. कार्य का लेखाशीर्ष
4. निधि व्यवस्था .....

संलग्नः प्राक्कलन दो प्रतियों में ।

अधीक्षण अभियंता
केलोनिवि

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः

1. कार्यपालक अभियंता,.....मंडल, केलोनिवि ..... को उनके पत्र संख्या .....के संदर्भ में।
2. सहायक अभियंता .....मंडल, केलोनिवि .....को सूचनार्थ ।

भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

संख्या दिनांकः

सेवा में,

निदेशक,
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय,
भारत सरकार,
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली

विषयः **निविदा हेतु विज्ञापन**

कार्य का नाम

आपको उपरोक्त कार्य / कार्यों के विज्ञापन हेतु प्रेस सूचना की संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति संलग्न करके भेजी जा रही है । आपसे अनुरोध है कि इस प्रेस विज्ञप्ति को अंग्रेजी व हिंदी के प्रसिद्ध स्थानीय समाचार पत्रों में दिनांक ..... से पूर्व प्रकाशित करवाया जाए ।

भवदीय

कार्यपालक अभियंता
.....मंडल
केलोनिवि

प्रतिलिपि प्रेषित :

कार्यपालक अभियंता

बडी शास्ति के लिए आरोप पत्र का प्रारुप

कार्यालय ज्ञापन

केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण अैर अपील) नियमावली, 1965 के नियम–14 के अधीन श्री .....

